राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

''डेंटल इंप्लांट'' राष्ट्रीय संगोष्ठी ''ओसिकॉन 2025'' आयोजित

दंत चिकित्सा और प्रभावी इलाज के लिए कार्य हो

''डेंटल इंप्लांट'' की आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों का विस्तार किया जाए– राज्यपाल

जयपुर, 31 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने दंत चिकित्सा के अंतर्गत सस्ते और प्रभावी इलाज के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने ''डेंटल इंप्लांट'' के अंतर्गत प्रदेश में आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों का विस्तार करने और इससे जुड़ी सस्ती और सुलभ चिकित्सा हरेक के लिए उपलब्ध हो, इसके लिए कार्य करने की भी आवश्यकता जताई।

राज्यपाल श्री बागडे शुक्रवार को एक निजी होटल में डेंटल इंप्लांट राष्ट्रीय संगोष्ठी ''ओसिकॉन 2025'' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दंत सुरक्षा के लिए जागरूकता का भी प्रसार हो। उन्होंने कहा कि दांतों की दीर्घ काल तक सुरक्षा के लिए वृहद स्तर पर शोध और अनुसंधान किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दांत और मसूड़े पूरे शरीर के स्वास्थ्य से जुड़े हैं। दांतों की समस्या का समय रहते यदि निदान नहीं किया जाता है तो चिकित्सकों के अनुसार इससे हार्ट अटैक, डायबिटीज, गर्भावस्था में जटिलताएँ हो सकती हैं। इसलिए सभी दांतों की देखभाल जीवनभर की आदत बनाएं।

राज्यपाल ने प्रदेश में डेंटल इंप्लांट के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं का भी विकास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा क्षेत्र में राजस्थान देशभर में कैसे अग्रणी बने, इसके लिए भी सभी स्तरों पर प्रयास किया जाए।

इससे पहले राज्यपाल ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

–––––

2ND OSI CONFERENCE 2025
31ST OCT. TO 2ND NOV. 2025 | VENUE: HOTEL CLARKS AMER, JAIPUR

Society of India
2ND OSI CONFERENCE
31ST OCT. TO 2ND NOV. 2025 | VENUE: HOTEL CLARKS AMER,